(घ) क्या इस तरह बेघरबार हुए लोगों को बसाने के लिये सरकार ने कोई योजना बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

निर्माण, आवास तथा पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) इस समय दिल्ली की नगरीय जनसंख्या 32 लाख अनुमानित की गयी है ।

(ख) तथा (ग). जून-जुलाई, 1960 में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार, दिल्ली में लगभग 50,000 परिवार सरकारी तथा सार्वजनिक भूमि पर अनधिवास कर रहे थे । अनधिवासियों की संख्या बढ़ रही है । जून-जुलाई, 1960 के बाद कोई नियमित सर्वेक्षण नहीं किया गया है । यद्यपि अभी तक 30,000 परिवारों को हटाया जा चुका है, फिर भी उनकी इस समय संख्या 50,000 से लेकर 55,000 तक अनुमानित की जाती है ।

(घ) तथा (ङ). लगभग 50,000 परिवारों को जो कि 31 जुलाई, 1960 से पूर्व सरकारी तथा सार्वजनिक भूमि पर अनधिवास कर रहे थे, किराये के आधार पर वैकल्पिक वास देने के लिए झुग्गी-झोंपड़ी हटाने की योजना बनायी गयी है ।

इन परिवारों में ये शामिल हैं :—

(i) प्रवासी श्रमिक;

(ii) सरकारी कर्मचारी तथा स्थानीय निकायों के कर्मचारी; तथा

(iii) अन्य ।

(i) तथा (ii) श्रेणी के अनधिवासियों को 25 वर्ग गज की कैम्पिंग साइट दी जायेगी तथा जो (iii) श्रेणी में हैं उन्हें 80 वर्ग गज के प्लाट अथवा टैनमेंट दिये जायेंगे । किन्तु फिलहाल शहर से अनधिवासियों को हटाने में शीघ्रता करने के लिये इन अनधिवासियों को भी 25 वर्ग गज के प्लाट आवंटित किये जा रहे हैं ।

सिंचाई परियोजनायें

7003. श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओ० प्र० त्यागी :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री 8 जून, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 378 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि चारों चुनी हुई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के नाम क्या हैं तथा उनकी रूपरेखा क्या है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (डा० कु० ल० राव) : एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी०—1233/67]

बम्बई में एक औरत से सोना बरामद होना

7004. श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओ० प्र० त्यागी :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जून, 1967 के अन्तिम सप्ताह में बम्बई में पहुंची एक महिला के पास से एक लाख रुपये के मूल्य का विदेशी सोना बरामद किया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ग) यह सोना किस स्थान से लाया गया था ?